PUBLICATION NAME :	Sach Express
EDITION :	Bhopal
DATE :	11/01/24
PAGE :	6

उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने केस कंस्ट्रक्शन ने आईआईटी से किया समझौता

भोपाल। सीएनएच इंडस्ट्रियल के अग्रणी ब्रांड केस कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान इंदौर परिसर में केस सेंटर ऑफ एक्सलेंस स्थापित करने के लिए संस्थान के साथ एक समझौते (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया है। यह गठजोड़ केस की सीएसआर पहल का अंग है और इसका उद्देश्य है, विचारों के आदान-प्रदान, ज्ञान वृद्धि और अनुसंधान के लिए शैक्षणिक समुदाय और उद्योग के बीच बढ़ते सहयोग को बढ़ावा देना। इस समझौते पर केस कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट के विनिर्माण प्रमुख पीथमपुर, सतेंद्र तिवारी और आईआईटी इंदौर के निदेशक, प्रोफेसर सुहास एस जोशी ने संस्थान के पूर्व छात्र एवं कॉर्पोरेट संपर्क विभाग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ.पार्थ प्रतिम चट्टराज की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए। केस सेंटर ऑफ एक्सलेंस मार्च 2024 तक तैयार होगा और यहां केस द्वारा तकनीकी मूल्यांकन के लिए प्रदत्त कई तरह के प्रयोगशाला उपकरण होंगे। सीएनएच इंडस्ट्रियल की भारत सीएसआर प्रमुख, कविता साह ने कहाकि भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) इंदौर के साथ यह साझेदारी उद्योग और शिक्षा जगत के बीच नवोन्मेष और सहयोग की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। एक विरासती ब्रांड के रूप में केस भारत में उद्योग के सभी स्तरों पर कौशल विकास के लिए प्रतिबद्ध है।